दिन– सोमवार दिनांक– 17 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कहा – पाकिस्तान के साथ शांति को बढ़ावा देने के हर प्रयास का सामना दुश्मनी और विश्वासघात से हुआ।

02. केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए एक समर्पित ऐप लॉन्च करेंगी।

03. मुंगेर के नंदलालपुर में एएसआई संतोष कुमार की हत्या के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। मुफस्सिल थानाध्यक्ष समेत तीन जवान निलंबित।

04. और, होली के दौरान हुई हिंसक घटनाओं के बाद प्रदेश में सार्वजनिक स्थलों और कार्यक्रमों में पुलिस की निगरानी बढ़ाई गई। संवेदनशील इलाकों में बीस मार्च तक जारी रहेगी अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पाकिस्तान के साथ शांति को बढ़ावा देने के हर प्रयास का सामना दुश्मनी और विश्वासघात से हुआ है। अमरीका के लोकप्रिय पॉडकास्टर और कंप्यूटर वैज्ञानिक लेक्स फ्रिडमैन के साथ बातचीत में श्री मोदी ने कहा कि द्विपक्षीय संबंधों को सुधारने के लिए पाकिस्तान के नेतृत्व को समझदारी दिखानी होगी। श्री मोदी ने कहा कि उन्होंने दो हजार चौदह में अपने शपथ ग्रहण समारोह में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को विशेष रूप से आमंत्रित किया था ताकि दोनों देशों के बीच एक नया अध्याय खुल सके।

–––बाइट–––

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत तटस्थ नहीं है बल्कि शांति के लिए मज़बूती से प्रतिबद्ध है। भारत और चीन के संबंधों पर श्री मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच प्राचीन काल से ही सांस्कृतिक और सभ्यतागत रिश्ते रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पड़ोसी देशों के बीच कभी–कभी असहमति होना भी स्वभाविक है। उन्होंने कहा कि ध्यान इस पर केन्द्रित होना चाहिए कि मतभेद विवाद में परिवर्तित नहीं हों। प्रधानमंत्री ने कहा कि वे राजनीति में लोगों की सेवा के लिए आए हैं और उन्होंने कभी भी सत्ता

की परवाह नहीं की। उन्होंने कहा कि शासन की जड़ें चुनाव में नहीं बल्कि जनता में हैं।

———बाइट———

कृत्रिम बुद्धिमता–ए.आई. पर श्री मोदी ने बल देते हुए कहा कि दुनिया इस क्षेत्र में कितनी भी आगे बढ जाए, यह भारत के बिना अधूरा है।

---

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए समर्पित ऐप लॉन्च करेंगी। इस ऐप का उद्देश्य योजना के दूसरे दौर के लिए आसान पंजीकरण की सुविधा से भागीदारी को बढ़ाना है। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए आवेदन की अंतिम तिथि इकतीस मार्च तक बढ़ा दी गई है। पहले अंतिम तिथि बारह मार्च तक निर्धारित थी। विस्तृत जानकारी पीएम इंटर्नशिप डॉट एमसीए डॉट जीओवी डॉट इन से प्राप्त की जा सकती है।

---

केंद्र सरकार ने उज्ज्वला योजना की सब्सिडी जारी रखने के लिए ई केवाईसी को अनिवार्य कर दिया है। सब्सिडी प्रक्रिया को पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण की व्यवस्था लागू की गई है। इसका उद्देश्य उज्ज्वला योजना की सब्सिडी सही लाभार्थियों तक पहुंचाना और धोखाधड़ी को रोकना है।

---

राज्य के सभी आधार सेवा केंद्रों पर आधार कार्ड बनाने और आधार कार्ड में सुधार का काम शुरू हो गया है। डाक विभाग, बिहार सर्किल के निदेशक पवन कुमार ने बताया कि आधार केंद्रों पर जहां भी तकनीकी दिक्कतें थीं, उसे दूर कर दिया गया है। आज से तीन सौ पैंसठ आधार सेवा केंद्र काम करने लगे हैं।

---

भारत नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और तस्करी तथा घुसपैठ रोकने के लिए मोबाइल टावर लगाए जा रहे हैं। दूरसंचार विभाग के उप महानिदेशक दिलीप कुमार ने बताया कि मधुबनी, पश्चिमी चंपारण, सीतामढ़ी और अररिया समेत सीमावर्ती जिलों में तैंतीस मोबाइल टावर लगाने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि पश्चिमी चंपारण में सबसे अधिक बीस और मधुबनी में सात टावर लगेंगे। वहीं, अररिया

में तीन और सीतामढ़ी में एक टावर लगाए जाएंगे। श्री कुमार ने बताया कि अब तक पांच मोबाइल टावर लगाए जा चुके हैं।

---

भारतीय प्रशासनिक सेवा और बिहार प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की तर्ज पर अभियंताओं की भी स्वास्थ्य जांच होगी। ग्रामीण कार्य विभाग ने चालीस वर्ष से अधिक उम्र के सभी अभियंताओं को इकतीस मार्च तक अनिवार्य रूप से स्वास्थ्य जांच करवाने को कहा है। जांच रिपोर्ट के आधार पर ही इनकी क्षेत्र में तैनाती होगी। ग्रामीण कार्य विभाग में अभी लगभग ग्यारह सौ अभियंता काम कर रहे हैं।

---

स्वास्थ्य विभाग में अनुकंपा के आधार पर होने वाली नियुक्तियों के तहत तकनीकी पदों पर नियुक्ति नहीं होगी। ऐसे मामले में गैर तकनीकी पदों पर ही नियुक्ति होगी। स्वास्थ्य विभाग ने इस संबंध में सभी सिविल सर्जन को निर्देश दिया है। अनुकंपा के आधार पर स्वास्थ्य विभाग में लगभग सात दर्जन मामले विचाराधीन हैं। यह आदेश भविष्य में अनुकंपा के आधार पर होने वाली सभी नियुक्तियों में लागू होगा।

---

पैक्स और व्यापार मंडलों को प्रबंधकीय अनुदान की राशि देने के लिए सरकार ने अठारह करोड़ पंचानवे लाख रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत की है। जिला केंद्रीय और राज्य सहकारी बैंकों को भी इस राशि से प्रबंधकीय अनुदान मिलेगा। यह राशि कस्टम मिल्ड राईस– सीएमआर की आपूर्ति के एवज में सहकारी संस्थाओं को मिलेगी। प्रति क्विंटल बीस रूपये की दर से भुगतान किया जाएगा।

---

प्रदेश में बर्ड फ्लू के कारण मरने वाले पक्षियों के मालिकों को मुआवजा दिया जाएगा। पशु और मत्स्य संसाधन विभाग ने इसके लिए चौबीस लाख रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत की है। इधर, विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि संदिग्ध पक्षियों का नमूना लेकर कोलकाता प्रयोगशाला भेजने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग की ओर से लोगों को बर्ड फ्लू के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान भी चलाया जाएगा।

---

होली के दौरान हुई हिंसक घटनाओं के बाद सभी जिलों में सार्वजनिक स्थलों और कार्यक्रमों में पुलिस की निगरानी बढ़ा दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिहार पुलिस, बी–सैप और एसएसबी के जवानों की संवेदनशील इलाकों में तैनाती की गयी है। सारण, सीवान और भागलपुर जिले के संवेदनशील इलाकों में एसएसबी के जवानों की तैनाती की गयी है। अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती बीस मार्च तक जारी रहेगी। इधर, पुलिस मुख्यालय की ओर से सभी पुलिस अधीक्षकों को आपराधिक तत्वों पर नजर रखने और अपराधियों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिये गये हैं।

---

मुंगेर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के नंदलालपुर में ए एस आई संतोष कुमार की हत्या के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद ने बताया कि इस मामले में दो प्राथमिकी दर्ज की गई है। साथ ही आठ आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि कर्तव्य में लापरवाही बरतने के आरोप में मुफस्सिल थाना अध्यक्ष समेत तीन जवानों को निलंबित कर दिया गया है।

---

आरा के एक आभूषण शो रूम में पिछले दिनों हुई लूट के मामले में सूचना के बावजूद घटनास्थल पर नहीं पहुंचने के आरोप में एक दारोगा समेत तीन पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि डायल– एक सौ बारह के इंचार्ज दारोगा मनोज कुमार, सिपाही स्वीटी कुमारी और मंटू कुमार को कर्तव्य में लापरवाही बरतने का दोषी पाया गया, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई।

---

बेंगलुरु के सरजापुर में होली खेलने को लेकर हुए विवाद में गोपालगंज के तीन श्रमिकों की हत्या कर दी गई। इनकी पहचान राधेश्याम, दीपू और अंशु के रूप में हुई है। बेंगलुरु, ग्रामीण के पुलिस अधीक्षक सी के बाबा ने बताया कि सभी आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

---

राज्य के मौसम में उतार–चढ़ाव का सिलसिला जारी है। आज सुबह से राज्य के हिमलाय की तराई वाले क्षेत्रों में हल्के से मध्यम स्तर का कुहासा देखा गया। मौसम विज्ञान केंद्र पटना ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान गोपालगंज, पूर्वी और पश्चिम चंपारण जिले के कई स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है।

–––बाइट–––

---

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण राज्य के विभिन्न प्रखंडों के एक सौ अड़सठ शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित करेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम तीन अप्रैल से शुरू होगा और सत्ताईस मई तक चलेगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद ये शिक्षक अन्य शिक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे और स्कूलों में बच्चों को आपदा प्रबंधन की जानकारी देंगे।

---

चौंतीसवीं राष्ट्रीय सब जूनियर बालक और बालिका कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन गया में सत्ताईस से तीस मार्च तक होगा। राज्य कबड्डी संघ के अध्यक्ष कुमार विजय सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में देश भर से अंठावन टीमें भाग लेंगी। उन्होंने बताया कि मैचों का आयोजन मैट कोर्ट पर होगा।

---

पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया आज से शुरू हो रही है। उन्नीस मार्च तक नामांकन पत्र दाखिल किये जा सकते हैं। बीस मार्च को नामांकन पत्रों की जांच होगी और इसी दिन उम्मीदवारों की सूची भी जारी की जाएगी। छात्र इक्कीस अप्रैल तक सूची पर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकेंगे। मतदान उनतीस मार्च को होगा।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पॉडकास्टर लेक्स फ्रीडमैन के साथ साक्षात्कार को सुर्खी बनाते हुए लिखा है – आतंकी हमले कहीं भी हो उसके तार पाकिस्तान से जुड़ते हैं।

**प्रभात खबर** ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है – सभी क्षेत्रों में बिहार की महिलाएं तेजी से बढ़ रही है आगे।

**दैनिक जागरण** लिखता है –बलूच विद्रोहियों ने उड़ाई पाकिस्तानी सेना के काफिले की ट्रक, नब्बे सैनिकों की मौत।

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है – पटना जहानाबाद और नालंदा के बॉर्डर पर नया एयरपोर्ट बनाने की पहल, इसके लिए राज्य सरकार ने केंद्र सरकार को लिखा पत्र।

**राष्ट्रीय सहारा** के शब्द हैं – कांग्रेस ने शुरू की पलायन रोको, नौकरी दो पदयात्रा।

**आज अखबार** की सुर्खी है – बेंगलूरू में गोपालगंज के तीन मजदूरों की हत्या।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कहा – पाकिस्तान के साथ शांति को बढ़ावा देने के हर प्रयास का सामना दुश्मनी और विश्वासघात से हुआ।

02. केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए एक समर्पित ऐप लॉन्च करेंगी।

03. मुंगेर के नंदलालपुर में एएसआई संतोष कुमार की हत्या के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। मुफस्सिल थानाध्यक्ष समेत तीन जवान निलंबित।

04. और, होली के दौरान हुई हिंसक घटनाओं के बाद प्रदेश में सार्वजनिक स्थलों और कार्यक्रमों में पुलिस की निगरानी बढ़ाई गई। संवेदनशील इलाकों में बीस मार्च तक जारी रहेगी अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।